The Dainik Purvoday
1 November 2014, Page-3

निस्ट में दो दिवसीय सेमिनार आयोजित

जोरहाट, 31 अक्टूबर (पू.सं.)। उत्तर पूर्व विज्ञान व प्रौद्योगिकी संस्थान (निस्ट) के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सह कार्यशाला का आज समापन हो गया।

इस मौके पर सीएसआईआर- एएमपीआरआई (भोपाल) के पूर्व निदेशक प्रोफेसर टीसी राव ने अपने संबोधन में पूर्वोत्तर भारत के उद्योग की चुनौतियों के समाधान के उपायों पर जोर दिया। इस दौरान निस्ट के पूर्व निर्देशक पीजी राव, कोल इंडिया (मार्घेरिटा) के महाप्रबंधक एके भराली, निस्ट के निदेशक डा. डी. रमैया सहित कई वैज्ञानिकों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सौ प्रतियोगियों ने भाग लिया।